# PART - I
## (English Language)

Directions (**Q. Nos. E-1 and E-2**) : Fill in the blanks with suitable articles like 'a' 'an' 'the' :

**E-1.** The shadow of moon fills on ______ Earth.
(A) the
(B) a
(C) an
(D) More than one of the above
(E) None of the above

**E-2.** I have always wanted to study abroad, not only for _____ degree but also for the experience.
(A) the
(B) a
(C) an
(D) More than one of the above
(E) None of the above

**E-3.** First May 2024 is Wednesday, what day of the week would be 9th of May?
(A) Monday
(B) Thursday
(C) Friday
(D) More than one of the above
(E) None of the above

Directions (**Q. Nos. E-4 to E-8**) Read the passage given below and answer the questions that follow :

Amitabh Bachchan, popularly known as big B, was born in Allahabad, Uttar Pradesh on 11 October 1942. He is an iconic actor whose career in Indian Cinema has spanned four decades. His father H.R. Bachchan was a well-known Hindi poet. (Bachchan is actually his father's pen name but has now become the family surname) Amitabh attended boys' High School in Allahabad, followed by Sherwood College in Nainital and earned a degree in science from Delhi university. His first film was 'Saat Hindustani' (1969). He became well-known as a movie star in 1973 after the success of 'Abhimaan' and 'Zanjeer' which was followed by his box office successes such as 'Sholay' 'Amar Akbar Anthony', 'Trishul', 'Don' and "Deewar'. He often played the role of an angry young man fighting a corrupt establishment, a theme that had tremendous appeal in India at that time.

**E-4.** Which city is the birth place of Amitabh in India?
(A) Bangalore
(B) Delhi
(C) Bombay
(D) More than one of the above
(E) None of the above

**E-5.** How long has Amitabh Bachchan dominated Indian Cinema?
(A) Two decades
(B) Four decades
(C) Three decades
(D) More than one of the above
(E) None of the above

**E-6.** From which university did Amitabh earn his degree in science?
(A) Punjab University
(B) Banaras Hindu University
(C) Aligarh Muslim University
(D) More than one of the above
(E) None of the above

**E-7.** When did Amitabh got recognition as a movie star in India?
(A) 1973
(B) 1969
(C) 1966
(D) More than one of the above
(E) None of the above

**E-8.** Which film of the following is Amitabh's first film?
(A) 'Saat Hindustani'
(B) 'Abhiman'
(C) 'Zanjeer'
(D) More than one of the above
(E) None of the above

# (Hindi Language)

**H-9.** 'स्थिर' का विलोम शब्द है –

(A) निर्विकार

(B) अस्थिर

(C) चंचल

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-10.** 'मैं एक लीटर दूध पीता हूँ' – में विशेषण शब्द है –

(A) दूध

(B) एक लीटर

(C) मैं

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-11.** 'कृष्णार्पण' शब्द में कौन–सा समास है?

(A) बहुव्रीही

(B) कर्मधारय

(C) अव्ययीभाव

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-12.** निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द बताइए –

'कम बोलनेवाला'

(A) मिष्टभाषी

(B) वाचाल

(C) मितभाषी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-13.** 'उदासीन हो जाने' के लिए सही मुहावरा है –

(A) आँखें फेर लेना

(B) आँखों में गड़ना

(C) आँखें चुराना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-14.** 'निरपराध' में उपसर्ग है –

(A) निस्

(B) निर्

(C) नि

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**(क)**

निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़कर मूद्दे गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए –

पंडित राम प्रसाद बिस्मिल उन महान क्रांतिकारियों में से एक थे, जिन्होंने अपने कार्यों से अंग्रेज़ी हुकूमत को हिला दिया था। जब राम प्रसाद आर्य समाज के संपर्क में आए, इनके जीवन में क्रांति आ गई, इनमें बुराइयों का सामना करने का साहस जाग उठा। उन दिनों स्वतंत्रता आंदोलन ज़ोर पर था। राम प्रसाद को पता चला कि क्रांतिकारी युवक देश में सजग हैं तथा देश की स्वतंत्रता के लिए मर मिटने को तैयार हैं। बिस्मिल क्रांतिकारी संगठन के सदस्य बन गए। इन्होंने एक पुस्तक भी लिखी– 'अमरीका को स्वतंत्रता कैसे मिली?' इनकी 'स्वदेश–रंग' नामक पुस्तक बहुत प्रसिद्ध है। आंदोलन में धन की कमी एक बहुत बड़ी समस्या थी। धन जुटाने के लिए इन्होंने किसी दीन–हीन को नहीं सताया, बल्कि अंग्रेज़ों का सरकारी खज़ाना लूटने की योजना बनाई। इन्होंने 9 अगस्त, 1925 को काकोरी स्टेशन पर धन लूटकर स्वाधीनता संग्राम में लगा दिया। इसके लिए इनपर मुकदमा चलाया गया। इन्हें फाँसी की सज़ा दी गई। पंडित बिस्मिल ने 26-27 वर्ष की आयु में वह कार्य कर दिखाया, जो लंबी आयु जीने वाले भी नहीं कर पाते। ये एक कवि भी थे, इनकी ये पंक्तियाँ समय–समय पर हमें प्रेरणा देती हैं :

'सरफ़रोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है।
देखना है ज़ोर कितना बाजु ए–कातिल में है।।'

**H-15.** राम प्रसाद के जीवन में परिवर्तन कब आया?

(A) जब वे आर्य समाज के संपर्क में आए

(B) जब अमरीका को स्वतंत्रता मिली

(C) क्रांतिकारियों के संपर्क में आने पर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

H-16. बिस्मिल ने धन की समस्या कैसे हल की?

(A) ग़रीबों को लूटकर

(B) चंदा इकट्ठा करके

(C) सरकारी खज़ाना लूटकर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

H-17. बिस्मिल महान क्रांतिकारी क्यों कहलाए?

(A) क्योंकि उन्होंने अपने कार्यों से अंग्रेज़ी हुकूमत को हिला दिया।

(B) क्योंकि उन्होंने पुस्तकें लिखीं।

(C) क्योंकि उन्हें फाँसी की सज़ा दी गई।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

1521718

H-18. 'सजग' में मूल शब्द है :

(A) ग

(B) जग

(C) सज

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

H-19. 'स्वतंत्रता' शब्द का विलोम है :

(A) प्रजातंत्रता

(B) लोकतंत्रता

(C) गणतंत्रता

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

H-20. 'लंबी आयु जीने वाला' वाक्यांश के लिए एक शब्द है –

(A) अल्पायु

(B) दीर्घायु

(C) लंबायु

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**(ख)**

मनुष्य का जीवन संसार के छोटे–बड़े प्राणियों और पदार्थों में श्रेष्ठ माना गया है। वह इसलिए कि मनुष्य बड़ा बुद्धिमान और कल्पनाशील प्राणी है। अपने विचारों के बल पर ही वह जो चाहे कर सकता है और बहुत ऊँचा उठ सकता है। परंतु विचार सच्चे, सादे और पवित्र होने के साथ–साथ मनुष्य के व्यावहारिक जीवन से संबंध रखने वाले होने चाहिए। इन्हीं बातों को आधार बनाकर 'सादा जीवन, उच्च विचार' को मानव–जीवन की सफलता की सीढ़ी माना गया है। सादगी मनुष्य के पहनावे से नहीं, बल्कि उसके प्रत्येक हाव–भाव, विचार तथा जीवन के ढंग से टपकनी चाहिए। यही वास्तविक सादगी है, जो विचारों को भी उच्च बनाकर सब प्रकार की उन्नति और विकास का कारण बनती है। संसार का इतिहास इस बात का गवाह है कि आरंभ से ही सादगी पसंद व्यक्ति ही जनता को उच्च विचार देकर उन्नति और विकास की राह प्रशस्त करते आ रहे हैं। महात्मा बुद्ध, संत कबीर, गुरू नानक, महात्मा गाँधी, डॉ. राधाकृष्णन, विनोबा भावे आदि इस तथ्य के प्रत्यक्ष प्रमाण हैं।

H-21. मनुष्य का जीवन श्रेष्ठ क्यों माना जाता है?

(A) क्योंकि वह परिश्रमी और कठोर है

(B) क्योंकि वह बुद्धिमान और कल्पनाशील है

(C) क्योंकि वह सफल है

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

H-22. उन्नति करने के लिए मनुष्य के विचार कैसे होने चाहिए?

(A) मोह–माया से युक्त

(B) बेबुनियाद

(C) झूठे, ऊँचे और अपवित्र

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-23.** वास्तविक सादगी क्या है ?

(A) मनुष्य का दिखावा

(B) मनुष्य का पहनावा

(C) वैचारिक और व्यावहारिक

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-24.** 'उन्नति' शब्द का उचित विलोम शब्द है :

(A) अवनति

(B) पदोन्नति

(C) प्रोन्नति

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-25.** 'महान है जो आत्मा' का समास है :

(A) तत्पुरूष समास

(B) अव्ययीभाव समास

(C) कर्मधारय समास

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-26.** 'प्रत्येक' शब्द का सही वर्ण–विच्छेद है –

(A) प् + र् + अ + त् + य् + ए + क् + अ

(B) प् + र् + अ् + त् + अ + य् + ए + क् + अ

(C) प् + र् + आ + त् + अ + य् + ए + क्

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-27.** निम्नलिखित में से वृद्धि संधि का उदाहरण है –

(A) महौजस्वी

(B) गिरीश

(C) पित्रादेश

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-28.** निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी है –

(A) अद्वित्तीय

(B) अद्वितीय

(C) अद्वितिय

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-29.** निम्नलिखित में से जातिवाचक संज्ञा है –

(A) जुलाहा

(B) मंत्री

(C) बहन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**H-30.** 'चंद्रमा' का पर्यायवाची है –

(A) आदित्य

(B) सारंग

(C) राकेश

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं



प्+र्+त्+य्+ए +क्+अ

# PART - II
# (GENERAL STUDIES)

31. किसे हाल ही में वर्ष 2023 के लिए ICC महिला T20i क्रिकेटर आफ द ईयर चुना गया ?
   (A) हेले मैथ्यूज (वेस्टइंडीज)
   (B) नेट साइवर–ब्रंट (इंग्लैण्ड)
   (C) स्मृति मंधाना (भारत)
   (D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

32. मुम्बई में सम्पन्न मिस वर्ल्ड 2024 का ताज किसके सिर पर सजा ?
   (A) मिस लेबनान यास्मीना जेयटाउन
   (B) मिस इन्डिया सिनी सेट्टी
   (C) मिसे चेक क्रिस्टीना पिसकोवा
   (D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

33. आई पी ई एफ द्वारा क्लीन एनर्जी इन्वेस्टर फोरम का आयोजन किस देश में किया जायेगा ?
   (A) स्पेन में
   (B) सिंगापुर में
   (C) फ्रांस में
   (D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

34. भारत ने विदेशी सिटवे वंदरगाह को संचालित करने का अधिकार हासिल किया है, यह किस देश में है ?
   (A) म्यांमार में
   (B) बांग्लादेश में
   (C) श्रीलंका में
   (D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

35. गंगा डेल्टा के सदाबाहर वन क्षेत्र को क्या कहते है ?
   (A) सुरेन्द्रनगर
   (B) सुन्दरगढ़
   (C) सुन्दरवन
   (D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

36. बिहार की कौन–सी नदी अपना मार्ग परिवर्तित करने के लिए जानी जाती है ?
   (A) पुनपुन
   (B) कोसी
   (C) गण्डक
   (D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

37. वृक्ष की जड़ो को मृदा से पानी कैसे मिलता है ?
   (A) केशिका जल
   (B) आर्द्रता जल
   (C) बँधा जल
   (D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

38. विषुवृत्तीय व्यास ध्रुवीय व्यास से कितना अधिक है ?
   (A) 49 किमी.
   (B) 43 किमी.
   (C) 36 किमी.
   (D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

39. किस रेखांश पर भारतीय मानक समय अपनाया जाता है ?
   (A) 87.5° पूर्व
   (B) 78.5° पूर्व
   (C) 82.5° पूर्व (East)
   (D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

40. भारत में 'हरित क्रांति' का श्रेय किसे जाता है ?
   (A) श्री. सुन्दरलाल बहुगुणा
   (B) डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन
   (C) डॉ. वी. कुरियन
   (D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
   (E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

41. भारत की सबसे ऊँची पर्वत श्रेणी कहते हैं –
(A) के–2
(B) कंचनजंगा
(C) एवरेस्ट
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

42. भारतीय उपमहाद्वीप पूर्व में मूलत: एक भाग था –
(A) पैंजिया का
(B) टेथिस का
(C) गोण्डवाना लैण्ड का
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

43. बिहार में 1857 की क्रान्ति को किसने नेतृत्व दिया था?
(A) नाना साहेब
(B) कुंवर सिंह
(C) तात्या टोपे
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

44. राष्ट्रवाद की आध्यात्मिक दिशा किस के द्वारा लोकप्रिय बनाया गया?
(A) स्वामी विवेकानन्द
(B) स्वामी श्रद्धानन्द
(C) राजा राममोहन राय
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

45. भारत के स्वतन्त्रता आन्दोलन के दौरान गहन राष्ट्रवादी विचारों को किस समाचार–पत्र के द्वारा प्रचारित किया गया जाता था?
(A) स्टेटसमैन
(B) अमृत बाजार पत्रिका
(C) पायनियर
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

46. 1918 में अहमदाबाद के मिल–मालिकों और मजदूरों के मध्य विवाद में किसने हस्तक्षेप किया था?
(A) जमशेदजी टाटा
(B) महात्मा गांधी
(C) वल्लभभाई पटेल
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

47. बिहार के किस वाम–पंथी नेता ने बिहार प्रान्तीय किसान सभा को लोकप्रिय बनाया था नाम बताईये :
(A) पी.सी.जोशी
(B) वधवा राम
(C) कर्यानन्द शर्मा
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

48. मुद्दीमन कमेटी को किसकी कार्यप्रणाली पर रिपोर्ट देने के लिए नियुक्त किया था?
(A) संघवाद
(B) साम्प्रदायिक प्रतिनिधित्व
(C) द्वैत–प्रणाली
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

49. "भारत में वह महान एकता कर्त्ता था जिसने केवल दूसरो को सहिष्णु ही नही बनाया अपितु उनको अपने मित्रों और साथियों में आपसी जिम्मेदारी के साथ भी स्वीकार्य करवाया था" यह किसने कहा?
(A) राजेन्द्र प्रसाद
(B) बालगंगाधर तिलक
(C) सुभाष चंद्र बोस
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

50. देश के बाहर स्वतन्त्र भारत की अस्थाई सरकार को संगठित करने में कौन आगे बढ़ा?
(A) सुभाष चंद्र बोस
(B) रास बिहारी बोस
(C) राजा महेन्द्र प्रताप
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

51. एक खिलाड़ी किसी वृत्ताकार पथ के 7 पूरे चक्कर लगाकर 2200 मीटर की दौड़ पूरी करता है। वृत्ताकार पथ की त्रिज्या है : $\left(\pi = \frac{22}{7}\right)$
(A) 50 मीटर
(B) 45 मीटर
(C) 42 मीटर
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

52. यदि किसी बेलनाकार टैंक की धारिता 1848 मी$^3$ और उसके आधार का व्यास 14 मी हो, तो टैंक की गहराई होगी :

$\left(\pi = \frac{22}{7}\right)$

(A) 16 मी
(B) 12 मी
(C) 8 मी
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

53. यदि किसी संख्या का आठवाँ भाग 30 है, तो उस संख्या का 62% कितना होगा ?

(A) 148.8
(B) 178.24
(C) 181.3
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

54. एक अधिकारी का वेतन 25% बढ़ा दिया जाता है। नये वेतन को कितने प्रतिशत घटा दिया जाय कि वह पुराने वेतन पर आ जाय ?

(A) 20
(B) 22.5
(C) 25
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

55. $\left(-\frac{2}{3}\right)^{-3}$ को किस संख्या से विभाजित किया जाय कि भागफल $\left(\frac{4}{9}\right)^{-2}$ हो ?

(A) $-\frac{3}{2}$
(B) $-\frac{2}{3}$
(C) $\frac{2}{3}$
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

56. यदि $x + \frac{1}{x} = 5$, तो $x^4 + \frac{1}{x^4}$ का क्या मान है ?

(A) 529
(B) 527
(C) 525
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

57. एक थैले में 5-रूपये, 2-रूपये तथा 1-रूपये के सिक्के 2 : 3 : 4 के अनुपात में हैं। सभी सिक्कों का कुल मूल्य ₹2000 है। थैले में 2-रूपये के कितने सिक्के हैं ?

(A) 400
(B) 250
(C) 200
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

58. एक समबहुभुज का अन्त: कोण उसके बहिष्कोण से 108° अधिक है। इस बहुभुज में कितनी भुजायें हैं ?

(A) 8
(B) 9
(C) 10
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

59. जिंक आक्साइड का साधारण रूप से किस के उत्पादन में उपयोग होता है

(A) घोलकों
(B) विस्फोटकों
(C) पेन्ट
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

60. लेन्ज़ के नियम की व्युत्पत्ति के लिए निम्न में किसके संरक्षण नियम का उपयोग होता है ?

(A) आवेश
(B) संवेग
(C) चुम्बकत्व
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

61. मानव शरीर के यकृत एवं माँस पेशियों में संधारित ग्लाइकोज़ेन का रूप होता है :
(A) प्रोटीन
(B) पॉलीसैकाराइड
(C) मोनोसैकाराइड
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

62. रक्त में त्रुटिपूर्ण हेमोग्लोबिन निम्न में किसमें दिखता है ?
(A) हेमोफीलिया
(B) दात्र कोशिका अरक्तता
(C) रक्तगुल्म
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

63. निम्न में किस प्रकार की दवाई उत्पादन में इथाइल अल्कोहल का उपयोग किया जा सकता है ?
(A) एन्टी–एलर्जिक
(B) एन्टी पाइरेटिक
(C) एन्टी सेप्टिक
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

64. 15°C ताप एवं 380mm दाव पर ध्वनि वेग 340 मी.से.$^{-1}$ है। यदि ताप को अपरिवर्तित रखते हुए दाब को दो गुना कर दिया जाय तव ध्वनि वेग का मान होगा
(A) 190मी.से$^{-1}$
(B) 170 मी.से$^{-1}$
(C) 680 मी.से$^{-1}$
(D) 340मी.से$^{-1}$
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

65. यदि एक जीवाण्विक कोशिका प्रत्येक 15 मिनट में विभक्त होती है तव 2 घंटे में कितने जीवाण्विक निर्मित होंगे ?
(A) 64
(B) 16
(C) 8
(D) 256
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

66. पौधों एवं पशु कोशिकाओं में अन्तर निम्न में किस संरचना से स्पष्ट होता है ?
(A) कोशिका भित्ति
(B) नाभिक
(C) एंजाइम
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

67. फोर्ब्स का हालिया रिपोर्ट के अनुसार दुनियाँ की सबसे मजवूत मुद्रा कौन–सी है ?
(A) बहरीन दीनार
(B) कुवैती दीनार
(C) ओमानी रियाल
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

68. पी.एम. नरेन्द्र मोदी ने 8 अमृत परियोजनाओं की शुरूआत महाराष्ट्र के किस शहर से की ?
(A) सोलापुर
(B) बड़ौदा
(C) कोल्लम
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

69. आईआईटी मद्रास ने ई मोबिलिटी सिमुलेशन लैब लान्च करने के लिए किसके साथ करार किया है ?
(A) फार्बर स्पेशलिटी लैब
(B) स्टारलिंक
(C) अल्टेयर
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

70. अकादमी पुरस्कार 2024 (ऑस्कर्स) में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार किसने जीता ?
(A) टामक्रूज
(B) सिलियन मर्फी
(C) डवेन जॉनसन
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

# PART - III
# (HINDI)

निर्देश : (प्रश्न संख्या 71 से 75 तक) : प्रस्तुत अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए –

मनुष्य विधाता की सृष्टि का सर्वाधिक चिंतनशील प्राणी है। उसकी प्रगति के लिए प्रकृति परिवेश सदा मुस्कराता रहता है। प्रातः कालीन सूर्य की स्वर्णिम किरणें जागरण गीत सुनाती हैं। वाटिका के पुष्प उनका पथ सुरभित करते हैं। वैश्वीकरण में दशों दिशाओं में मानव – मार्ग प्रशस्त हो गया है।

71. 'मनुष्य विधाता की सृष्टि का सर्वाधिक चिंतनशील प्राणी है।' में किसकी चर्चा की गई है?
(A) मनुष्य की
(B) विधाता की सृष्टि की
(C) विधाता की
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

72. प्रकृति परिवेश किसके लिए मुस्कराता है?
(A) विधाता के लिए
(B) सृष्टि के लिए
(C) मनुष्य के लिए
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

73. जागरण गीत कौन गा रहा है?
(A) प्रातः काल
(B) किरणें
(C) सूर्य
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

74. वाटिका के पुष्प किसका पथ सुरभित करते हैं?
(A) सूर्य का
(B) सृष्टि का
(C) मनुष्य का
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

75. वैश्वीकरण में मार्ग प्रशस्त होने का क्या अर्थ है?
(A) मार्ग सुलभ होना
(B) सैकड़ों मार्ग होना
(C) हजारों मार्ग होना
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

निर्देश (प्रश्न संख्या 76 से 80 तक) : प्रस्तुत अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर पत्रक में चिह्नित कीजिए

मनुष्य अपनी सफलता और प्रसन्नता के लिए बचपन से ही प्रयत्नशील रहता है। सहजानुभूति में गतिशील रहने की ऊर्जा मिलती है। माँ की मुस्कान देख हँसने की इच्छा जग जाती है। पिता की उँगली पकड़ कर भागने की इच्छा जग जाती है। साहित्य–चर्चा और सृजन धर्म अपनाने से सरस्वती के उपासक बन जाते हैं।

76. इसमें किसकी चर्चा की गई है?
(A) प्रसन्नता की
(B) सफलता की
(C) प्रयत्न की
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

77. गतिशील रहने की ऊर्जा कब मिलती है?

(A) सहजानुभूति में

(B) सहजता में

(C) अनुभूति में

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

78. बच्चे को हँसने की इच्छा कब होती है?

(A) माँ की मुस्कान देखकर

(B) मुस्कान देखकर

(C) माँ को देखकर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

79. पिता की उँगली पकड़ कर किसे भागने की इच्छा होती है?

(A) दोस्त की

(B) पुत्री की

(C) पुत्र की

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

80. सरस्वती के उपासक कैसे बनते हैं?

(A) साहित्य–चर्चा और साहित्य–सृजन से

(B) साहित्य–सृजन से

(C) साहित्य–चर्चा से

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**निर्देश (प्रश्न संख्या 81 से 85 तक) : प्रस्तुत अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर–पत्रक में चिह्नित कीजिए –**

पर्वत के झर–झर झरते, झरने अपने संगीत से पर्वतीय प्रदेश संगीतमय बना देते हैं। तरंगों से मचलती सरिता अपने निकटवर्ती क्षेत्र को हरा–भरा कर देती है। पर्वत से लुढ़कता पाषाण सरिता की गतिशीलता के संग बहकर कल्याणकारी शिव बन जाता है। वनस्पतियों के बीज पक्षियों का संग पाकर दूर–दूर पहुँचकर मचलते लता–गुल्म और वृक्ष बन जाते हैं। वसंत की भीनी हवा कलियों के ओठों पर मधुर मुस्कान ला देती है।

81. पर्वतीय प्रदेश संगीतमय कैसे बन जाता है?

(A) झरने के संगीत से

(B) झरने के झर–झर से

(C) झरने से

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

82. सरिता का निकटवर्ती क्षेत्र हरा–भरा कैसे हो जाता है?

(A) सरिता के मचलने से

(B) सरिता की जल–तरंगों से

(C) सरिता की निकटता से

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

83. पत्थर से शिव बनने का क्या अर्थ है?

(A) कल्याणकारी होना

(B) चमत्कार होना

(C) सुंदर रूप पाना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**84.** वनस्पतियों के नए–नए लता–गुल्म दूर–दूर कैसे पहुँच जाते हैं?

(A) संगति से

(B) पक्षियों से

(C) उनके बीज से

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**85.** वसंत में कलियों में मुस्कान क्यों आती है?

(A) भीनी हवा से

(B) हवा से

(C) वसंत की भीनी हवा से

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

निर्देश (प्रश्न संख्या 86 से 90 तक) : प्रस्तुत अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर–पत्रक में चिह्नित कीजिए –

विधाता की सृष्टि सूर्य और चाँद की आभा से आलोकित है। सर सरिता से हरी–भरी, मानवता से परिलसित है। प्रकृति के अप्रतिम सौंदर्य में मानव के मानवीय भावाकर्षण में विधाता को धरती पर बार–बार अवतार लेना पड़ता है। धर्म भूमि संत, महात्माओं को पाकर धन्य हो गई है। शत–शत नमन है यह पावन, दिव्य स्थली मातृभूमि को।

**86.** विधाता की सृष्टि किस प्रकार आलोकित है?

(A) सूर्य और चाँद की आभा से आलोकित है

(B) सूर्य की आभा से आलोकित है

(C) आभा से आलोकित है

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**87.** किसे परिलसित होने की बात कही गई है?

(A) सृष्टि

(B) सर–सरिता

(C) मानवता

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**88.** विधाता को बार–बार धरती पर अवतार क्यों लेना पड़ता है?

(A) मानवीय भावाकर्षण

(B) प्रकृति–सौंदर्याकर्षण

(C) प्रकृती से

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**89.** यह भूमि धन्य कैसे हुई?

(A) महात्माओं को पाकर

(B) संत को पाकर

(C) संत–महात्माओं को पाकर

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**90.** किसको शत–शत नमन किया गया है?

(A) मातृभूमी को

(B) दिव्य स्थली को

(C) पावनता को

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

निर्देश (प्रश्न संख्या 91 से 95 तक) : प्रस्तुत अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर–पत्रक में चिह्नित कीजिए –

गुरू मोमबत्ती की तरह जलकर गलकर शिष्य को उजाला देता है। शिष्य गुरू का सान्निध्य पाकर सन्मार्ग का पथिक बन जाता है। शिष्य में आत्म–विश्वास का आलोक जगमगा उठता है। आत्म–चिंतन, आत्म–विश्वास लक्ष्य तक पहुँचाने का आधार बन जाता है। सफलता का ध्वज उसके मस्तक के पसीने को साफ करने के लिए लहराने लगता है।

91. गुरू का मोमबत्ती की तरह जलना–गलना का क्या अर्थ है?

(A) समय लगाना

(B) सद्कार्य करना

(C) जीवन–खपाना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

92. सान्निध्य पाना का क्या भाव है?

(A) छत्रछाया

(B) सहकर्म

(C) साथ

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

93. आत्म–विश्वास का आलोक क्या है?

(A) आत्मा–परमात्मा का ज्ञान

(B) किसी अन्य पर भरोसा न करना

(C) कर्म–पथ पर चलने का सुदृढ़ निश्चय

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

94. लक्ष्य–प्राप्ति का आधार क्या बताया गया है?

(A) आत्म–चिंतन और आत्म–विश्वास

(B) आत्म–विश्वास

(C) आत्म–चिंतन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

95. मस्तक के पसीने को साफ करने के लिए ध्वज लहराना का क्या भाव है?

(A) खुश होना

(B) सफलता का निश्चयन

(C) चर्चित होना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

1521718

96. स्वर संधि शब्द का चयन कीजिए –

(A) सज्जन

(B) परोपकार

(C) जगदीश

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

97. विसर्ग संधि शब्द का चयन कीजिए –

(A) विद्यालय

(B) नरेंद्र

(C) नमस्ते

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

98. दयानंद का संधि विच्छेद है –

(A) दया + आनंद

(B) दय + आनंद

(C) दया + नंद

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

99. हिंदी में समास के कितने भेद है?

(A) सात

(B) छः

(C) पाँच

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

100. कर्मधारय समास–शब्द का चयन करें –

(A) नील कमल

(B) चौमासा

(C) काली टोपी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

101. 'नीलकंठ' में किस समास की योजना है?

(A) अव्ययीभाव समास

(B) कर्मधारय समास

(C) बहुव्रीहि समास

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

102. व्याकरण के शब्द 'Subject' का हिंदी परिभाषिक शब्द है –

(A) कर्ता

(B) संदर्भ

(C) विषय

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

103. व्याकरण के शब्द 'Verb' का हिंदी पारिभाषिक शब्द है –

(A) काम

(B) क्रिया

(C) कार्य

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

104. शुद्ध पारिभाषिक हिंदी शब्द का चयन कीजिए –

(A) जलवायु

(B) नीर वायु

(C) जल हवा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

105. 'वह आज धीरे–धीरे चल रहा है।'

– वाक्य में धीरे–धीरे व्याकरण के अनुसार क्या है?

(A) विशेषण

(B) क्रिया विशेषण

(C) क्रिया

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

106. 'पेड़ पर पक्षी चहचहा रहे हैं।' – वाक्य में 'पर' किस कारक का चिह्न प्रयुक्त है?

(A) अधिकरण कारक

(B) अपादान कारक

(C) करण कारक

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

107. 'कमर कसना' मुहावरे का अर्थ है–

(A) कमर पर बाँधना

(B) तैयार होना

(C) पेटी लगाना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

108. 'किस्मत खुलना' मुहावरे का अर्थ है –

(A) भाग्य पलट जाना

(B) भाग्योदय

(C) भाग्य चमकना

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

109. 'मुँह में राम बगल में छूरी' लोकोक्ति का अर्थ है –

(A) राम नाम लेकर गला काटना

(B) धोखे की भक्ति

(C) ऊपर से मित्रता, अंदर से शत्रुता

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

110. शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए –

(A) रविवार के बाद सोमवार होता है।

(B) रविवार के बाद सोम होता है।

(C) रवि के बाद सोमवार का दिन होता है।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

111. शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए –

(A) श्याम ने उनसे क्या कहा था?

(B) कितना सुंदर फूल है।

(C) आप आज कहाँ जा रहे है।

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

112. मर्यादा पुरूषोत्तम राम वाटिका के खिलखिलाकर हँसते सुंदर फूलों को देखकर हँस रहे थे।' वाक्य के विशेषण पदबंध का चयन कीजिए।

(A) हँस रहे थे

(B) खिलखिलाकर हँसते सुंदर

(C) मर्यादापुरूषोत्तम राम

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

113. "वह भयंकर तुफ़ान के झोंके की तरह भाग गया" –वाक्य में कौन–सा पदबंध है?

(A) क्रिया विशेषण पदबंध

(B) विशेषण पदबंध

(C) संज्ञा पद बंध

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

114. वाच्य के कितने भेद है?

(A) पाँच

(B) चार

(C) तीन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

115. 'उससे पढ़ा नहीं जाता' – वाक्य में किस वाच्य की योजना है?

(A) भाववाच्य

(B) कर्मवाच्य

(C) कर्तृवाच्य

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

116. रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद हैं?

(A) पाँच

(B) तीन

(C) दो

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

1521718

117. 'मैं लिख रहा हूँ और आप हँस रहे है!' – संरचना आधार पर वाक्य रूप बताइए।

(A) मिश्र वाक्य

(B) संयुक्त वाक्य

(C) सरल वाक्य

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

118. मेघमय आसमान से
उतर रही संध्या सुंदरी परी सी
धीरे, धीर, धीरे! – इस पद्यांश में कौन–सी शब्द शक्ति है?

(A) व्यंजना

(B) लक्षणा

(C) अभिधा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

119. उदित उदय गिरी मंच पर, रघुवर बाल पतंग।
विकसे संत–सरोज सब, हरषे लोचन भृंग।।
– इन पंक्तियों में किस अलंकार की योजना है?

(A) रूपक

(B) उपमा

(C) उत्प्रेक्षा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

120. 'पीयर पात सरिस मन डोला।' – इसमें किस अलंकार की योजना है?

(A) विरोधाभास

(B) उत्प्रेक्षा

(C) रूपक

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

121. अति कटु बचन कहति कैकेई।
मानहु लोन जरे पर देई।।
– इस पद्यांश किस अलंकार की योजना है?

(A) उपमा

(B) विरोधाभास

(C) उत्प्रेक्षा

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

122. या अनुरागी चित्त की, गति समुझै नहिं कोई।
ज्यों–ज्यों बूड़ै, स्याम रंग, त्यों–त्यों उजवल होइ।।
– इस पद्यांश में किस अलंकार की योजना है ?
(A) विरोधाभास
(B) उपमा
(C) उत्प्रेक्षा
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

123. अर्थालंकार की परिभाषा है –
(A) इसमें कल्पना का भी आधार हो सकता है।
(B) इसमें भावपक्ष की प्रधानता होती है।
(C) इसमें अर्थगत चमत्कार होता है।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

124. छंद की परिभाषा का स्वरूप है –
(A) कविता में मति की योजना छंद है।
(B) कविता में मात्रा की योजना छंद है।
(C) कविता में वर्णों की योजना छंद है।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

125. अस कहि फिर चितए तेहि ओरा।
सिय मुख ससि भए, नयन चकोरा।।
– इसमें किस छंद की योजना है ?
(A) सोरठा
(B) रोला
(C) चौपाई
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

126. दोहा छंद में मात्रा विधान क्या है ?
(A) चारों चरणों में 12-12 मात्राओं की योजना
(B) प्रथम–तृतीय चरण में 13 मात्राएँ और द्वितीय–चतुर्थ चरण में 11 मात्राएँ
(C) प्रथम–तृतीय चरण में 11 मात्राएँ और द्वितीय–चतुर्थ चरण में 13 मात्राएँ
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

127. इंद्रवज्रा छंद की परिभाषा है –
(A) 11 वर्णों की योजना में तगण–तगण, जगण और दो गुरू होते हैं।
(B) 11 वर्णों की योजना में तगण, जगण, जगण और दो गुरू होते हैं।
(C) 11 वर्णों की योजना में तगण, जगण और दो गुरू होते हैं।
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

128. बड़ा कि छोटा कुछ काम कीजै,
परंतु पूर्वा पर सोच लीजै।
बिना विचारे यदि काम होगा,
कभी न अच्छा परिणाम होगा।।
– इसमें किस छंद की योजना है ?
(A) मालिनी
(B) उपेंद्रवज्रा
(C) इंद्रवज्रा
(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक
(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

129. बना रहे प्रेम सदा स्वदेश का,

तथा रहे ध्यान् सदा स्वदेश का।

बुरा हमरा न कभी चरित्र हो,

विचारधारा अति ही पवित्र हो।।

– इसमें किस द्वंद की योजना है?

(A) वंशस्थ

(B) मालिनी

(C) द्रुतविलंबित

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

130. आचार्य भरतमुनि ने काव्य–गुणों संख्या कितनी मानी है?

(A) पंद्रह

(B) तेरह

(C) दस

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

131. मंद मंद मुरली बजावत अधर धरे।

मंद मंद निकरचो मुकुंद मधुवन तें।।

– इसमें किस काव्य–गुण की योजना है?

(A) माधुर्य गुण

(B) कांति गुण

(C) ओज गुण

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

132. मुंड कटत कहुँ, रूंड नटत कहुँ सुंड पटत धन।

गिद्ध लसत कहुँ, सिद्ध हँसत सुख वृद्धि रसत मन।।

– इसमें किस काव्य–गुण की योजना है?

(A) उदारता

(B) ओज

(C) प्रसाद

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

133. करूण रस का स्थायी भाव क्या है?

(A) शोक

(B) क्रोध

(C) निर्वेद

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

134. मैया कबहि बढ़ेगी चोटी,

किती बार मोहिं दूध पियत मई, यह अजहूँ है छोटी।

तू जो कहती बल की वेनी, ज्यों हवै हैं लंबी मोटी।

काढ़त गुहत नहावत पोंछत नागिन सी मुँइ लोटी।

– इसमें किस रस की अभिव्यक्ति होती है?

(A) शांत

(B) वात्सल्य

(C) श्रृंगार

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

135. "रण बीच चौकड़ी भर–भर कर, चेतक बन गया निराला था।

राणा की पुतली फिरी नहीं, तब तक चेतक मुड़ जाता था।"

– इन पंक्तियों में किस रस की योजना है –

(A) भयानक रस

(B) रौद्र रस

(C) वीर रस

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

136. हिंदी साहित्य के इतिहास को कितने कालों में बाँटा गया है ?

(A) पाँच

(B) चार

(C) तीन

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

137. कबीर दास का जन्म कब हुआ था ?

(A) 1427 ई.

(B) 1410 ई.

(C) 1398 ई.

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

138. विद्यापती की भाषा क्या थी ?

(A) मैथिली

(B) खड़ी बोली

(C) अवधी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

139. "मैया मैं नहिं माखन खायो।
ख्याल परै पे सखा सबै मिलि, मेरे मुख लपटायौ।।"
– किसकी पंक्तियाँ हैं ?

(A) सूरदास

(B) नंददास

(C) कृष्णदास

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

140. तुलसीदास श्रीरामचरितमानस में कितने कांड हैं ?

(A) आठ

(B) सात

(C) पाँच

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

141. रीति काल के कवि नहीं है :

(A) घनानंद

(B) जायसी

(C) बिहारी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

142. आधुनिक काल का प्रारंभ किस सन् से माना गया है ?

(A) 1900 ई.

(B) 1870 ई.

(C) 1850 ई.

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

143. 'द्विवेदी युग' का नामकरण किसके नाम पर हुआ है ?

(A) आचार्य रामेश्वर द्विवेदी

(B) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी

(C) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

144. किस कवि को राष्ट्रकवि से संबोधित किया जाता है?

(A) मैथिली शरण गुप्त

(B) राम नरेश त्रिपाठी

(C) जय शंकर प्रसाद

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

145. सुभद्रा कुमारी चौहान किस रस की कवयित्री हैं?

(A) वीर रस

(B) वात्सल्य रस

(C) भक्ति रस

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

146. "दुनियाँ कैसी बाउरी, पत्थर पूजन जाए।
घर की चकिया कोउ न पूजे, जिसका पीसा खाए।।"
– किस कवि की पंक्तियाँ हैं?

(A) सुंदर दास

(B) कबीर दास

(C) रहीम दास

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

147. 'गोदान' किसका लिखा उपन्यास हैं?

(A) जैनेंद्र

(B) कमलेश्वर

(C) प्रेमचंद

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

148. 'शतरंज के खिलाड़ी' किस विधा की रचना है?

(A) खंडकाव्य

(B) उपन्यास

(C) महाकाव्य

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

149. 'पुष्प की अभिलाषा' किसकी कविता है?

(A) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन'

(B) माखन लाल चतुर्वेदी

(C) राम नरेश त्रिपाठी

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

150. निम्नलिखित में से उपन्यास कृति का चयन कीजिए –

(A) उसने कहा था

(B) गोदान

(C) कर्मभूमि

(D) उपर्युक्त में से एक से अधिक

(E) उपर्युक्त में से कोई नहीं

152718